A

परीक्षा केन्द्र की मुहर लगायें
Affix stamp of examination centre

**Booklet Series** **A**

**Code : PG-11**

**Question Booklet No.**
प्रश्न पुस्तिका संख्या
6123409

SEAL

# हिन्दी
# HINDI

अनुक्रमांक (अंकों में)
Roll No. (in figures) ____________
(केवल अंग्रेजी में/Only in English)

OMR क्रम संख्या (अंकों में)
OMR Serial No. (in figures) ____________
(केवल अंग्रेजी में/Only in English)

OMR क्रम संख्या (शब्दों में)
OMR Serial No. (in words) ..............................................................

..............................................................

केन्द्र का नाम/Name of the Centre ..............................................................

समय : 2 घंटे Time : 2 Hours

पूर्णांक : 425 M.M. : 425

कक्ष–निरीक्षक का हस्ताक्षर/Signature of the Invigilator

## आवश्यक निर्देश

1. अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक केवल आवरण पृष्ठ तथा प्रश्न–पुस्तिका के साथ दिए गए OMR उत्तर–पत्रक के निर्दिष्ट स्थान पर लिखेंगे, अन्यत्र कहीं नहीं ।

2. प्रश्न–पुस्तिका मिलने के उपरान्त अभ्यर्थी को तुरन्त जाँच कर सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं तथा कोई प्रश्न छूट तो नहीं गया है । यदि कोई विसंगति है, तो प्रश्न–पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष–निरीक्षक को सूचित करना चाहिए तथा त्रुटिरहित दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लेनी चाहिए ।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. The candidate will write his/her Roll No. only at the place provided for i.e. on the cover page and on OMR answer sheet given and nowhere else.

2. Immediately on the receipt of the question booklet, the candidate will check up and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If there is any discrepancy, it should be reported by the candidate to the invigilator within 10 minutes of issue of this question booklet and a fresh booklet without any discrepancy be obtained.

## हिन्दी
## HINDI

1. भक्तिकाल के किस कवि ने बरवै नामिका भेद लिखा है ?
   (A) रहीम
   (B) रसखान
   (C) नन्ददास
   (D) कृष्णदास

2. 'उत्तररामचरित' का प्रधान रस है
   (A) शान्त
   (B) करुण
   (C) शृंगार
   (D) वीर

3. 'उर्दू' आगत शब्द है
   (A) फारसी
   (B) अरबी
   (C) पश्तो
   (D) तुर्की

4. एक में उपसर्ग का प्रयोग है
   (A) कुनकुना
   (B) कुदरत
   (C) कुढ़न
   (D) कुढंग

5. निम्नलिखित में से कौन-सा अलंकार ग्रंथ नहीं है ?
   (A) भाषाभूषण
   (B) शिवराज भूषण
   (C) ललितललाम
   (D) अंगदर्पण

6. 'यथाशक्ति' में समास है
   (A) अव्ययीभाव
   (B) बहुव्रीहि
   (C) द्वन्द्व
   (D) तत्पुरुष

7. हिन्दी के मार्क्सवादी समीक्षक हैं
   (A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
   (B) डॉ. नगेन्द्र
   (C) डॉ. नामवर सिंह
   (D) नंद दुलारे बाजपेयी

8. 'निस्सहाय हिन्दू' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
   (A) प्रतापनारायण मिश्र
   (B) बालकृष्ण भट्ट
   (C) लज्जाराम शर्मा
   (D) राधाकृष्ण दास

9. एक वाक्य शुद्ध है
   (A) तट पर लगे वृक्ष और लताओं से नदी की शोभा बढ़ गयी थी ।
   (B) सभा में उपस्थित हर एक सदस्यों का यही मत था ।
   (C) ऋषि-मुनि आदियों के द्वारा हमें ज्ञान मिला ।
   (D) अनसूया अत्रि ऋषि की पत्नी थीं ।

10. शौरसेनी अपभ्रंश के अन्तर्गत आनेवाली भाषा नहीं है ?
   (A) गुजराती
   (B) सिन्धी
   (C) राजस्थानी
   (D) पश्चिमी हिन्दी

11. 'नयनों की नीलम की घाटी
जिस रस घन से छा जाती हो
वह कौंध कि जिससे अन्तर की
शीतलता ठण्डक पाती हो'

प्रस्तुत पंक्तियाँ कामायनी के किस सर्ग से ली गई हैं ?

(A) लज्जा (B) वासना
(C) श्रद्धा (D) काम

12. 'छोटी हल्की गोल और किनारेदार थाली दिखाओ' – वाक्य में अपेक्षित है

(A) तीन अल्प विराम और एक पूर्ण विराम
(B) तीन अल्प विराम, एक योजक चिह्न और एक पूर्ण विराम
(C) चार अल्प विराम और एक पूर्ण विराम
(D) चार अल्प विराम, एक योजक चिह्न और एक पूर्ण विराम

13. हिन्दी में मुक्त छंद के प्रवर्तक कवि है

(A) अज्ञेय (B) निराला
(C) मुक्तिबोध (D) धूमिल

14. 'रत्नाकर जोपम कथा' पुस्तक का संबंध किससे है ?

(A) महायानी सिद्ध
(B) वज्रयानी सिद्ध
(C) नाथ
(D) जैन

15. 'निश्चय' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?

(A) गुण सन्धि (B) दीर्घ सन्धि
(C) यण सन्धि (D) विसर्ग सन्धि

16. 'मरने के लिए तैयार हो जाना' – अर्थ देनेवाला मुहावरा है

(A) सिर पर खून सवार होना
(B) सिर पर भूत सवार होना
(C) सिर पर कफ़न बाँध लेना
(D) आँखों में खून उतर आना

17. किस वाक्य में एक वचन का प्रयोग हुआ है ?

(A) लड़के बोले ।
(B) लड़के ने कहा ।
(C) लड़कों ने कहा ।
(D) लड़के ने लड़कों से कहा ।

18. दशकुमारचरित के रचनाकार हैं

(A) दण्डी (B) माघ
(C) बाणभट्ट (D) कालिदास

19. 'शैशव के सुन्दर प्रभात का मैंने नवविकास देखा ।
यौवन की मादक लाली में यौवन का हुलास देखा ।।'

पंक्तियाँ किसके द्वारा लिखी गई हैं ?

(A) हरिवंशराय बच्चन
(B) भगवतीचरण वर्मा
(C) विद्यावती कोकिल
(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

20. 'जब तें इत तें घनश्याम सुजान अचानक ही बलसंग सिधारे कर पै मुखचंद धरे सजनी नित सोचति है तू कहा मन मारे' प्रस्तुत पंक्तियों में किस संचारी भाव का उल्लेख है ?

(A) मोह (B) स्मृति
(C) ग्लानि (D) वितर्क

*

21. निम्नलिखित में कौन-सी रचना के लेखक का नाम सही नहीं है ?
   (A) जुलूस रुका है – विवेकी राय
   (B) शिखरों के सेतु – शिवप्रसाद सिंह
   (C) तुम चंदन हम पानी – विद्यानिवास मिश्र
   (D) सदाचार का तावीज – श्रीलाल शुक्ल

22. 'कान पर जूँ न रेंगना' मुहावरा का सही अर्थ क्या है ?
   (A) कान के पास धीरे से कहना
   (B) कान के निकट नहीं सुनाई देना
   (C) कान के जूँ बालों तक जाते हैं
   (D) बिल्कुल ध्यान न देना

23. 'ताँबे के कीड़े' नामक लघुनाटक के लेखक हैं
   (A) मोहन राकेश
   (B) भुवनेश्वर प्रसाद
   (C) रामकुमार वर्मा
   (D) लक्ष्मीनारायण मिश्र

24. 'आपने क्या कहा सो मैने नहीं सुना' – वाक्य में अपेक्षित हैं
   (A) एक प्रश्न वाचक चिह्न, एक पूर्ण विराम
   (B) एक अल्प विराम, एक पूर्ण विराम
   (C) एक पूर्ण विराम
   (D) एक प्रश्न वाचक चिह्न

25. 'छायावाद बड़ी सहृदयता के साथ प्रभावसाम्य पर ही विशेष लक्ष्य रखकर चला है' – छायावाद के सम्बन्ध में यह कथन किसका है ?
   (A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
   (B) आचार्य नन्द दुलारे बाजपेयी
   (C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (D) डॉ. शान्तिप्रिय द्विवेदी

26. 'संबत सोरह सै इकतीसा ।
करउँ कथा हरि पद धरि सीसा ।।'
उपर्युक्त पंक्तियों में किस प्रसिद्ध ग्रन्थ के रचनाकाल का संकेत किया गया है ?
   (A) पदमावत
   (B) अनुराग बाँसुरी
   (C) रामचरित मानस
   (D) रामचरित चिंतामणि

27. एक तत्सम शब्द है
   (A) डाकिनी
   (B) तेल
   (C) न्योछावर
   (D) तर्जनी

28. 'जगत्' शब्द का कौन-सा रूप तीन विभक्तियों में एक सा रहता है ?
   (A) जगतो:
   (B) जगद्भ्याम
   (C) जगत:
   (D) जगद्भि:

29. 'बिहारी अकेले कवि हैं जिन्होंने ग्रामीण संस्कृति के विरुद्ध घृणा की अभिव्यक्ति की है ।' यह किसका कथन है ?
   (A) रामचन्द्र शुक्ल
   (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (C) डॉ. नगेन्द्र
   (D) बच्चन सिंह

30. एक की वर्तनी शुद्ध है
   (A) अनन्नास
   (B) अक्षौहणी
   (C) आक्समिक
   (D) आकाल

31. विष्णु प्रभाकर कृत 'आवारा मसीहा' क्या है ?
(A) आत्मकथा
(B) जीवनी साहित्य
(C) रेखाचित्र
(D) यात्रा साहित्य

32. संथाली भाषा किस भाषा परिवार से सम्बन्धित है ?
(A) भारोपीय परिवार
(B) द्रविण परिवार
(C) आस्ट्रिक परिवार
(D) चीनी तिब्बती परिवार

33. 'भ्रूणहत्या' निबन्ध के लेखक हैं
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) श्याम सुन्दर दास
(C) महादेवी वर्मा
(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

34. निम्नलिखित में किस रचना और उसकी विधा का नाम सही नहीं है ?
(A) ऋण जल धन जल – रिपोर्ताज
(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ –आत्मकथा
(C) आवारा मसीहा – जीवनी
(D) जूठन – संस्मरण

35. 'पंत जी की रचनाओं 'वीणा' और 'पल्लव' दोनों में अंग्रेजी कविताओं से लिए हुए भाव और अंग्रेजी भाषा के लाक्षणिक प्रयोग बहुत मिलते हैं' – यह कथन किसका है ?
(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) रामविलास शर्मा
(D) डॉ. बच्चन सिंह

36. 'किसी शुभकार्य को विधिविधान और श्रद्धापूर्वक करना' क्या कहलाता है ?
(A) प्रार्थना (B) अभ्यर्थना
(C) अनुष्ठान (D) मंत्रणा

37. शांतिप्रिय द्विवेदी कृत 'परिव्राजक की प्रजा' क्या है ?
(A) जीवनी (B) आत्मकथा
(C) यात्रा साहित्य (D) रेखाचित्र

38. मनोहर श्याम जोशी का उपन्यास है
(A) कसप
(B) दिल्ली दूर है
(C) मुझे चाँद चाहिए
(D) कितने पाकिस्तान

39. अन्त:स्थ व्यञ्जन हैं
(A) च, छ, ज, झ
(B) त, थ, द, ध
(C) प, फ, ब, भ
(D) य, र, ल, व

40. जे हाल मिसकीं मकुन तगाफुल दुराय नैना, बनाय बतियाँ – इस प्रसिद्ध पंक्ति के रचनाकार हैं
(A) अमीर खुसरो
(B) कबीर
(C) रज्जब
(D) मलिक मुहम्मद जायसी

41. 'भाग्य' का पर्यायवाची नहीं है
(A) प्रारब्ध (B) नीयत
(C) भवितव्य (D) नियति

42. निम्न उपन्यास में कौन उसके लेखकों के साथ सुमेलित नहीं है ?
   (A) झीनी झीनी बीनी चदरिया – अब्दुल विस्मिला
   (B) पहला पड़ाव – श्रीलाल शुक्ल
   (C) भैयादास की माड़ी – भीष्म साहनी
   (D) अब्दुल्ला दीवाना – शंकर शेष

43. 'संत साहित्य' के संबंध में कौन–सा कथन उचित नहीं प्रतीत होता है ?
   (A) संत साहित्य एक वैचारिक भूमि पर स्थित है ।
   (B) रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार यह इस्लामिक आक्रमण से पराजित हिन्दू जनता की असहाय मन:स्थिति का परिणाम है ।
   (C) संत साहित्य को मात्र भजन पूजन के स्तर पर देखा जा सकता है ।
   (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार संत साहित्य या भक्ति आन्दोलन भारतीय चिंता धारा का स्वभाविक विकास है ।

44. 'फूल मरै पै मरै न बासू' – यह प्रसिद्ध उक्ति किस कवि की है ?
   (A) दादू
   (B) कबीर
   (C) रैदास
   (D) जायसी

45. 'जो मर रहा हो' के लिए एक शब्द है
   (A) मुमुक्षु (B) मुमूर्षु
   (C) मुमुक्षा (D) मुमूर्षा

46. एक वाक्य शुद्ध है
   (A) आपकी राय से यह काम ज़रूरी है ।
   (B) वहाँ मिष्टान्न की बड़ी दुकान है ।
   (C) भारत काश्मीर से लगा कर कन्याकुमारी तक फैला है ।
   (D) उन्होंने बहुत – सी पुस्तकें एकत्रित कर ली हैं ।

47. एक में तालव्य ध्वनियों का प्रयोग हुआ है
   (A) पापा (B) बाबा
   (C) मामा (D) चाचा

48. इस बोली में कर्त्ता कारक की विभक्ति का प्रयोग नहीं होता ?
   (A) कन्नौजी (B) बुन्देली
   (C) अवधी (D) मेवाती

49. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा रचित 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किस विधा की रचना है ?
   (A) काव्य
   (B) नाटक
   (C) उपन्यास
   (D) अनुवाद

50. निम्न में से कौन–सा शब्द 'उत्तर' का विलोम नहीं है ?
   (A) प्रश्न (B) दक्षिण
   (C) पूर्व (D) अनुत्तर

51. शेखर जोशी की कहानी है
   (A) कर्मनाशा की हार (B) मेरा पहाड़
   (C) पंचलाइट (D) महुए का पेंड़

52. 'कुवलयमाला कथा' के लेखक है
(A) सोमप्रभ सूरि
(B) उद्योतन सूरि
(C) धर्मसूरि
(D) मुनि जिनविजय

53. 'मानव-प्रकृति का ज्ञान तुलसीदास से अधिक उस युग में किसी को नहीं था।' यह कथन किसका है ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) रामविलास शर्मा
(D) विश्वनाथ त्रिपाठी

54. पहाड़ी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश माना गया है ?
(A) व्राचड़ (B) मागधी
(C) पैशाची (D) खस

55. तारसप्तक का प्रकाशन काल है
(A) 1943 ई. (B) 1951 ई.
(C) 1950 ई. (D) 1959 ई.

56. इनमें से एक का अर्थ 'एतराज' है
(A) विघ्न (B) विपत्ति
(C) संकट (D) आपत्ति

57. बहुवचन की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है
(A) चिड़िया उड़ गयीं।
(B) चिड़ियें उड़ गयीं।
(C) चिड़ियाएं उड़ गयीं।
(D) चिड़ियाँ उड़ गयीं।

58. इस बोली में उत्तम पुरुष एक वचन के स्थान पर उत्तम पुरुष बहुवचन का प्रयोग किया जाता है
(A) अवधी (B) खड़ी बोली
(C) ब्रज (D) हरियाणवी

59. 'नई कविता' के विषय में असत्य कथन है
(A) इसमें नये भावबोधों की अभिव्यक्ति हुई है
(B) इसमें जीवन के प्रति आस्था दिखाई पड़ती है
(C) नई कविता के रचयिताओं में अधिकांश प्रगतिवाद और प्रयोगवाद के खेमे में रह चुके हैं
(D) यह कविता ह्रासोन्मुख मध्यवर्गीय समाज के जीवन का चित्र है

60. 'आँखें बिछाना' मुहावरा का सही अर्थ है
(A) प्रायश्चित करना
(B) आँखें थक जाना
(C) उपेक्षा करना
(D) हृदय से आदर करना

61. 'बचपन की स्मृतियाँ' के लेखक हैं
(A) महादेवी वर्मा
(B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) शांतिप्रिय द्विवेदी
(D) राहुल सांकृत्यायन

62. भक्तिकालीन 'रस सिद्धान्त' विषयक ग्रन्थ है
(A) रस प्रबोध
(B) रस मंजरी
(C) रस रहस्य
(D) रस रंग

*

63. 'पुष्य' या 'पुण्ड' को हिन्दी का प्रथम कवि किस आलोचक ने माना है ?
(A) राहुल सांकृत्यायन
(B) दशरथ ओझा
(C) राम विलास शर्मा
(D) शिवसिंह सेंगर

64. अष्टाध्यायी के रचनाकार हैं
(A) कात्यायन
(B) पाणिनि
(C) कैयट
(D) पतञ्जलि

65. 'वीणापाणि' में समास है
(A) बहुव्रीहि
(B) कर्मधारय
(C) द्विगु
(D) अव्ययीभाव

66. 'विज्ञानगीता' किसके द्वारा लिखी गई है ?
(A) नाभादास
(B) तुलसीदास
(C) केशवदास
(D) मलूकदास

67. 'तुम्हारे मुँह में घी – शक्कर' का सही अर्थ होगा
(A) ईश्वर करे, तुम्हारा समाचार सत्य हो
(B) तुम्हारी बातें मीठी लगती हैं
(C) तुम्हें मिठाई की कभी कमी न हो,
(D) सदैव मीठी बात ही बोला करो

68. "इतिवृत्त और आलोचना का समवेत रूप होने से वह इतिहास आज भी प्रकाश-स्तम्भ बना हुआ है" इस कथन में जिस 'इतिहास' की ओर संकेत किया गया है, उसके लेखक है
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) गार्सां द तासी
(C) मिश्र बन्धु
(D) जार्ज ग्रियर्सन

69. निम्न में से कौन-सा 'बहुव्रीहि समास' का उदाहरण नहीं है ?
(A) चन्द्रशेखर:
(B) चक्रपाणि:
(C) चन्द्रकान्ति:
(D) राजपुरुष:

70. निम्नलिखित में से एक 'सूर्य' का पर्यायवाची है
(A) रस
(B) निचोड़
(C) अर्क
(D) सार

71. निम्नलिखित में से घनानन्द की रचना नहीं है
(A) प्रिया प्रसाद
(B) भावना प्रकाश
(C) प्रीति पावस
(D) पक्षी विलास

72. मंगलेश डबराल का कविता संग्रह है
(A) ठेले पर हिमालय
(B) पहाड़ पर लालटेन
(C) घास में दुबका आकाश
(D) हरी घास पर क्षण भर

73. 'समष्टि' शब्द का विलोम क्या है ?
(A) समूह (B) समग्र
(C) विशिष्ट (D) व्यष्टि

74. निम्नलिखित में से कौन-सा 'धनुष' का पर्याय नहीं है ?
(A) शरासन
(B) असि
(C) कोदंड
(D) पिनाक

75. 'अ-कहानी' आन्दोलन के पुरस्कर्ता माने जाते हैं
(A) गंगा प्रसाद 'विमल'
(B) मोहन राकेश
(C) रवीन्द्र कालिया
(D) रमेश बक्षी

76. भारतीय भाषा विज्ञान की प्रसिद्ध 'मुनित्रयी' में सम्मिलित नहीं है
(A) पाणिनि (B) पतंजलि
(C) कात्यायन (D) भर्तृहरि

77. इनमें से एक 'पतवार' का पर्यायवाची है
(A) अर्जुन (B) दुर्योधन
(C) कर्ण (D) नकुल

78. सोमप्रभ सूरि की रचना है
(A) कुमारपालचरित
(B) कुमारपालप्रतिबोध
(C) प्रबन्ध चिन्तामणि
(D) भविसयत्तकहा

79. निम्न में से कौन-सी रचना 'सर्वेश्वरदयाल सक्सेना' की नहीं है ?
(A) पागल कुत्तों का मसीहा
(B) खूँटियों पर टँगे लोग
(C) काठ की घण्टियाँ
(D) एक शहर की मौत

80. विलोम की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है
(A) गमन - आगमन
(B) निषिद्ध - विहित
(C) आमिष - सामिष
(D) व्यास - समास

81. निर्गुण भक्तिकाव्य धारा में 'उदासी सम्प्रदाय' के प्रवर्तक कौन हैं ?
(A) दादू दयाल (B) रज्जब
(C) श्रीचंद (D) मलूकदास

82. 'चलती चाकी देख के दिया कबीरा रोय
दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय'
प्रस्तुत दोहे में प्रयुक्त शब्द शक्ति है
(A) अभिधा
(B) लक्षणा
(C) व्यंजना
(D) इनमें से कोई नहीं

83. 'इक्कीसवीं सदी का लड़का' किस कहानीकार की कृति है ?
(A) क्षमा शर्मा
(B) मोहिनी छाबड़ा
(C) महेश दर्पण
(D) वीरेन्द्र सक्सेना

84. 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरा का अर्थ है
(A) घड़े से पानी गिराना
(B) पानी की कीमत समझना
(C) अत्यन्त संकुचित सोचना
(D) अत्यन्त लज्जित होना

85. इनमें से एक विदेशी भाषा का शब्द है
(A) कतार (B) पंक्ति
(C) श्रेणी (D) शृंखला

86. 'बूढ़े मुँह मुहासे' प्रहसन के लेखक हैं
(A) राधाचरण गोस्वामी
(B) राधाकृष्ण दास
(C) खड़ग बहादुर मल्ल
(D) प्रताप नारायण मिश्र

87. एक वाक्य में अपादान कारक का प्रयोग हुआ है
(A) शिकारी ने तीर से बाघ मारा ।
(B) हाथी के द्वारा पेड़ ढाहा गया ।
(C) सत्संग से बुद्धि सुधरती है ।
(D) लड़का बाजार से लौटा ।

88. हिन्दी के प्रथम अलंकार निरूपक आचार्य हैं
(A) भिखारीदास
(B) केशवदास
(C) मतिराम
(D) चिन्तामणि

89. 'नरसी जी का मायरा' किसकी रचना है ?
(A) हरिदास (B) रहीम
(C) मीराबाई (D) रसखान

90. 'दोपहर' में समास है
(A) द्विगु (B) द्वन्द्व
(C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय

91. ज्ञानपीठ पुरस्कार से पुरस्कृत कृति है
(A) कामायनी (B) पल्लव
(C) परिमल (D) चिदम्बरा

92. 'अमिय हलाहल मद भरे, सेत स्याम रतनार ।
जियत मरत झुकि - झुकि परत, जेहि चितवत इक बार ।।'
उपर्युक्त दोहे में अलंकार है
(A) परिसंख्या (B) मुद्रा
(C) यथासंख्य (D) विभावना

93. निम्नलिखित शब्दार्थों के युग्म में कौन-सा युग्म गलत है ?
(A) नीशारः - रजाई
(B) शिरस्कम् - शिखा
(C) उष्णीषम् - पगड़ी
(D) उत्तरीयः - चादर

94. 'चाय' आगत शब्द है
(A) जापानी
(B) चीनी
(C) जर्मन
(D) पुर्तगाली

95. 'वारि' शब्द की द्वितीया विभक्ति द्विवचन है
(A) वारिणि (B) वारिणी
(C) वारिणः (D) वारिणा

96. 'एक दिन बोलेंगे पेंड़' काव्य संग्रह के रचनाकार हैं
(A) राजेश जोशी (B) सौमित्र मोहन
(C) शेखर जोशी (D) अरुण कमल

97. 'कारण के अभाव में कार्य की उत्पत्ति होना', किस अलंकार का परिचायक है ?
(A) श्लेष
(B) विरोधाभास
(C) विभावना
(D) विशेषोक्ति

98. रीतिकाल को सर्वप्रथम शृंगार काल नाम रखने का सुझाव किसने दिया ?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) रामकुमार वर्मा

99. विलोम की दृष्टि से असंगत युग्म है
(A) ऊँट – ऊँटनी
(B) प्राचीन – अर्वाचीन
(C) शूर – भीरु
(D) साँड़ – साड़िनी

100. 'मधु' शब्द का पंचमी विभक्ति एक वचन में रूप होता है ?
(A) मधुने
(B) मधुना
(C) मधोः
(D) मधुनः

101. "प्रयोगवाद अपने आप में इष्ट नहीं है, वह साधन है.. प्रयोग द्वारा कवि अपने सत्य को अधिक अच्छी तरह जान सकता है और अधिक अच्छी तरह अभिव्यक्त कर सकता है वस्तु और शिल्प दोनों क्षेत्र में प्रयोग फलप्रद होता है ।" – यह कथन किसका है ?
(A) भवानी प्रसाद मिश्र
(B) नरेश मेहता
(C) अज्ञेय
(D) रघुवीर सहाय

102. 'कबीर का भक्ति आन्दोलन विद्रोहमूलक है, तो गो. तुलसीदास का प्रतिरोधात्मक' – यह विचार व्यक्त करनेवाले विद्वान हैं
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) डॉ. बच्चन सिंह
(D) डॉ. रामविलास शर्मा

103. जहाँ उपमेय का प्रतिषेध कर उपमान की स्थापना की जाय वहाँ अलंकार है
(A) उत्प्रेक्षा
(B) रूपक
(C) रूपकातिशयोक्ति
(D) अपह्नुति

104. 'स्था' धातु का विधिलिङ् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन
(A) तिष्ठेयुः
(B) तिष्ठाव
(C) तिष्ठत
(D) तिष्ठेत

105. 'तुलसीदास चंदन घिसें' निबंध के लेखक हैं
(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) हरिशंकर परसाई
(C) कुबेर नाथ राय
(D) शरद जोशी

106. 'मैं तुमसे टेलीफोन पर बात करूँगा' – इस वाक्य में 'टेलीफोन पर' किस कारक में प्रयुक्त है ?
(A) सम्बन्ध कारक
(B) अधिकरण कारक
(C) कर्म कारक
(D) करण कारक

107. 'जिसे तत्काल उचित उत्तर या उपाय सूझ जाय' – के लिए एक शब्द है
(A) प्रतिभाशाली
(B) बुद्धिमान
(C) प्रत्युत्पन्नमति
(D) अक्लमंद

108. निम्नलिखित में अव्ययीभाव समास का उदाहरण है
(A) रातोंरात
(B) कपड़छन
(C) मनमाना
(D) ठकुरसुहाती

109. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(A) इंद्रावती – नूर मुहम्मद
(B) हंस जवाहिर – कासिम शाह
(C) चित्रावली – उसमान
(D) मधुमालती – कुतुबन

110. 'किन्नर देश में' किस विधा की रचना है ?
(A) निबंध (B) संस्मरण
(C) रिपोर्ताज (D) यात्रा-वृत्तान्त

111. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा शुद्ध है ?
(A) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ
(B) मेरे लिए ठंडी बर्फ़ और गर्म आग लाओ
(C) शब्द केवल संकेत मात्र हैं
(D) मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ

112. 'जहाँ उपमेय स्वयं अपना उपमान हो' वहाँ अलंकार है
(A) उपमेयोपमा (B) मालोपमा
(C) व्यतिरेक (D) अनन्वय

113. 'रससूत्र' के किस व्याख्याता ने रस-निष्पत्ति की प्रक्रिया की पुष्टि चित्र तुरंग न्याय के आधार पर की है ?
(A) शंकुक (B) लोल्लट
(C) अभिनवगुप्त (D) भट्टनायक

114. 'जो कम खर्च करने वाला है' के लिए एक शब्द है
(A) अव्ययी (B) मितव्ययी
(C) सद् व्ययी (D) कृपण

115. हिन्दी के किस आचार्य ने 'छल' नामक संचारी भाव को प्रचारित किया ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) देव
(D) भिखारीदास

*

116. 'अजिर' शब्द का अर्थ है

(A) युवा (B) आँगन

(C) वार्धक्य (D) जरावस्था

117. निम्नलिखित में एक रचना 'राष्ट्रीय सांस्कृतिक धारा' की नहीं है ?

(A) हम विषपायी जनम के

(B) सूत की माला

(C) प्रभात फेरी

(D) विसर्जन

118. 'सर्वेस्वरा घोषवन्तो बलवन्तो वक्तव्य:' यह कथन किस ग्रन्थ का है ?

(A) महाभाष्य

(B) छान्दोग्य उपनिषद

(C) वाक्यपदीय

(D) अष्टाध्यायी

119. बरवै छन्द है

(A) सम मात्रिक

(B) अर्द्ध सम मात्रिक

(C) विषम मात्रिक

(D) अर्द्ध विषम मात्रिक

120. लिंग की दृष्टि से एक वाक्य शुद्ध है

(A) चाय फीका है

(B) दही खट्टा है

(C) चाँदी सोने से कम महँगा है

(D) मिसरी मीठा है

121. 'कान्हा' शब्द है

(A) तत्सम शब्द

(B) तद्भव शब्द

(C) अर्ध तत्सम

(D) अर्ध तद्भव

122. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार 'छायावाद में प्राप्त होने वाली 'प्रतीक शैली' पर किस साहित्य का प्रभाव है ?

(A) अंग्रेज़ी

(B) फ्रांसीसी

(C) बंगला

(D) फ़ारसी

123. निम्नलिखित में अघोष–महाप्राण ध्वनि है

(A) ख (B) क

(C) ड (D) ध

124. मीराबाई की उपासना है

(A) माधुर्य भाव

(B) सख्य भाव

(C) दास्य भाव

(D) वात्सल्य भाव

125. निम्न में कौन गीति नाट्य नहीं है ?

(A) जयशंकर प्रसाद – करुणालय

(B) मैथिलीशरण गुप्त – अनघ

(C) धर्मवीर भारती – अंधा युग

(D) सुमित्रानंदन पंत – ज्योत्सना

SEAL

3. प्रश्न-पुस्तिका में किसी विसंगति के अतिरिक्त, किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को कोई दूसरी प्रश्न-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी को प्रश्न-पुस्तिका को उपयोग में लाने और OMR उत्तर-पत्रक को पूरित करने में सावधानी बरतनी चाहिए।

4. अभ्यर्थी को 125 प्रश्नों के उत्तर भरने हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक नहीं दिये जायेंगे।

5. OMR उत्तर-पत्रक को भरने के पूर्व अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

6. अभ्यर्थी को दिए गए चार विकल्पों में से एक सबसे अधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देशानुसार भरना है।

7. किसी भी परिस्थिति में प्रश्न-पुस्तिका का कोई भी कागज अलग नहीं करना है।

8. अभ्यर्थी परीक्षा भवन में **प्रवेश पत्र** के अतिरिक्त सादा या लिखा कोई अन्य कागज नहीं लाएँगे। यदि कोई अभ्यर्थी कोई अतिरिक्त कागज, नोट, पुस्तक, कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन आदि अपने साथ परीक्षा भवन में रखे पाया जाता है, तो उसे अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत दण्डित किया जा सकता है।

9. सभी रफ कार्य को केवल प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर ही करना है।

10. केवल **काला** बॉल पेन उत्तर भरने के लिए प्रयोग करें।

3. No second question booklet shall be given to any candidate under any circumstances except any discrepancy in question booklet. The candidate should be careful in handling the question booklet and filling the OMR answer sheet.

4. A candidate has to attempt 125 questions. All the questions are compulsory. There is no negative marking for wrong answer.

5. Before filling the OMR answer sheet, the candidate should read carefully the important instructions given on answer sheet.

6. The candidate has to choose best suitable alternative out of the four alternatives given and mark on the OMR answer sheet according to the instructions given in the answer sheet.

7. In no case any paper from the question booklet should be separated.

8. The candidate shall not bring any loose paper, whether written or blank, except the **admit card**, inside the examination hall. If any candidate is found having any loose paper, notes, books, calculator, slide rule, mobile phone etc. with him/her in the examination hall, he/she will be liable to be punished for use of unfair means.

9. All rough work should be done inside the question booklet only.

10. Only use **black** ball pen for filling answers.



SEAL

SEAL